- माइक्रोसॉफ्ट के ऑपरेटिंग सिस्टम में गड़बड़ी के कारण आई बाधा के बाद आज देश में सभी हवाई अड्डों पर विमान संचालन प्रकिया सामान्य रूप से शुरू हो गया है।
- उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को राशनकार्ड लाभार्थियों का तुरंत शत–प्रतिशत ई–के वाई सी कराने का निर्देश दिया गया है।
- उद्योग विभाग ने योजनाओं के नाम पर लोन का प्रबंध करने और इसके लिए लोगों से पैसे ऐंठने वाले तत्वों से सावधान रहने का अनुरोध किया है।
- कल गुरू पूर्णिमा के अवसर पर विभिन्न मंदिरों में पूजा–अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
- रंगत शैक्षिक अंचल में अंतर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।

**<><><><><><>**

माइक्रोसॉफ्ट सॉफ्टवेयर में कल हुई बड़े स्तर पर गड़बड़ी के बाद दुनिया भर में हवाई और स्वास्थ्य सहित सेवाएं अब धीरे–धीरे पटरी पर लौट रही हैं। दुनिया भर में लाखों लोगों पर इसका असर पड़ा। अमरीकी साइबर सुरक्षा कम्पनी क्राउड स्ट्राइक ने सॉफ्टवेयर अपडेट किया था, इस सॉफ्टवेयर में खामी आने के बाद माइक्रोसॉफ्ट के ऑपरेटिंग सिस्टम पर असर पड़ा। इससे दुनिया भर की बैंकिंग सेवा, अस्पताल और हवाई संचालन प्रभावित हुआ है। माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सत्य नडेला ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि ग्राहकों को तकनीकि जानकारी मुहैया कराने और ऑनलाइन सुरक्षा के लिए क्राउड स्ट्राइक और उद्योग जगत के संपर्क में हैं। अमरीकी साइबर सुरक्षा कम्पनी क्राउड स्ट्राइक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि इस गड़बड़ी को दूर कर लिया गया है। स्वीकार किया कि सभी सिस्टम को सुचारू रूप से काम करने में थोड़ा समय लगेगा। इस बीच कुछ हवाई सेवाओं ने काम करना शुरू कर दिया है। भारत में भी हवाई अड्डों पर कई एयरलाइंस को चेक–इन और बोर्डिंग का काम कम्प्यूटर के बजाय हाथ से करना पड़ा। चेन्नई और हैदराबाद हवाई अड्डे में इसके असर के कारण कल इन क्षेत्रों से आने वाली विमानों को रद्द करना पड़ा। हालांकि पोर्ट ब्लेयर हवाई अड्डे पर कामकाज सामान्य रहा।

**<><><><><><>**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी– एन टी ए ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट–यूजी का शहर–वार और केन्द्र–वार परिणाम अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। एन टी ए ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद परिणाम वेबसाइट पर डाले हैं। इससे पहले न्यायालय ने एन टी ए को उम्मीदवारों की पहचान की मास्किंग कर आज दोपहर बारह बजे तक वेबसाइट पर परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया था। परिणाम वेबसाइट **neet.ntaonline.in** पर उपलब्ध हैं।

**<><><><><><>**

उद्योग विभाग ने खादी ग्रामोद्योग बोर्ड और जिला उद्योग केन्द्र की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के नाम पर लोन का प्रबंध करने और इसके लिए लोगों से पैसे ऐंठने वाले तत्वों से सावधान रहने का अनुरोध किया है। विभाग ने कहा है कि योजना के कियान्वयन एजेंसियों द्वारा ऐसे किसी भी एजेसी या पार्टी को नियुक्त नही किया गया है और न ही इस योजना में किसी को भी पैसे देने की आवश्यकता है। आम जनता से ऐसे संदिग्ध लोगों के बारे में नजदीकी पुलिस थाने या जिला उद्योग केन्द्र या खादी ग्रामोद्योग बोर्ड मे सीधे या फोन पर जानकारी देने को कहा गया है।

**<><><><><><>**

चिन्मय मिशन पोर्ट ब्लेयर में कल गुरू पूर्णिमा के उपलक्ष्य में पूजा अर्चना के कार्यक्रम रखे गए हैं। सुबह दस बजे से हवन, सत्संग और पूजा अर्चना की जाएगी। दोपहर साढ़े बारह बजे प्रसाद का वितरण होगा। श्री साई मंदिर बरगद लाइन में कल सुबह नौ बजे से पूजा अर्चना के कार्यक्म आयोजित होंगे। सुबह साढ़े ग्यारह बजे आरती के बाद भोग का वितरण किया जाएगा। बैकुंठ धाम पुलिस मंदिर में भी कल सुबह नौ बजे से पूजा–अर्चना के कार्यक्म आयोजित किए जाएंगे। दिन में भोग का वितरण होगा।

**<><><><><><>**

प्रधान मुख्य वन पाल और मुख्य वन्य प्राणी संरक्षक संजय कुमार सिन्हा ने पर्यावरण संरक्षण में सभी से सहयोग देने और ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का अनुरोध किया है। वन महोत्सव के सिलसिले में बॉयज़ स्कूल में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में वे अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने इस दिशा में विद्यार्थियों को भी जागरूक करने का आहवान किया। प्रधान मुख्य वन पाल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के बारे मे

भी जानकारी दी। अवर प्रधान मुख्य वन पाल रवि होरो ने कहा कि विद्यार्थी हमारे देश के भविष्य है। इनमें जागरूकता उत्पन्न की जानी चाहिए। वनों से प्राप्त होने वाले लाभ के बारे मे भी उन्होंने जानकारी दी। कार्यक्रम में अवर प्रधान मुख्य वन पाल रितुराज सिंह, डॉ. एस. सेन्थिल कुमार के अलावा अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। पर्यावरण पर आधारित सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गई। बॉयज़ स्कूल के प्रधानाचार्य एल सुकुराजन ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

रंगत शैक्षिक अंचल में अंतर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। रंगत के उप–शिक्षा अधिकारी धीरज कुमार ने इसका उद्घाटन किया। उन्होंने खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन करने को कहा, ताकि वे अपने स्कूल का आने वाली प्रतियोगिताओं मे प्रतिनिधित्व कर सके। सहायक निदेशक खेल वी. रंजीत कुमार ने कहा कि इस टूर्नामेंट में रंगत जोन के करीब बहत्तर स्कूल की टीमें भाग लेंगी। उन्होंने कहा कि लड़कों के चौदह वर्ष और उन्नीस वर्ष से कम आयु वर्ग तथा लड़कियों के सत्रह वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए आयोजित इस टूर्नामेंट की प्रत्येक वर्ग की विजेता टीम को अगले महीने पोर्ट ब्लेयर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

<><><><><><><>

लिटिल अंडमान के हरमिन्दर बे में कल से निशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। उनतीस जुलाई तक चलने वाले इस शिविर में क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान से डॉक्टर और अर्धचिकित्सा कर्मियों की टीम मरीजों का इलाज करेंगे।

<><><><><><><>

मुख्यभूमि के विभिन्न पेशेवर, गैर पेशेवर या तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए द्वीपसमूह के विद्यार्थियों के लिए आरक्षित सीटों के वास्ते बीएससी बीएड पाठ्यक्रम को छोड़कर अन्य पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कर चुके ऐसे सभी उम्मीदवारों की अंतिम योग्यता सूची सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल में अपलोड कर दी गई है। परामर्श छब्बीस जुलाई को सुबह दस बजे से टैगोर कॉलेज के सभागार में आयोजित होगा। संबंधित उम्मीदवारों को अपने मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। मायाबंदर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक तेरह मिलीमीटर, पोर्ट ब्लेयर और वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में पांच दशमलव छः, लांग आइलैंड में दो और ननकौड़ी में एक मिलीमीटर वर्षा हुई।

<><><><><><><>